बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग

प्र०–11/विविध–03–22/2026 8027 (5) पटना, दिनांक : 05.11.26

अनौपचारिक रूप से परामर्शित

सेवा में,
महालेखाकार बिहार,
पटना।

द्वारा :– वित्त विभाग।

विषयः– विश्वामित्र पथ (बक्सर–आरा–मनेर पथ, लंबाई –90कि०मी०), **गंगा अम्बिका पथ** (बिदुपुर–दिघवारा–उत्तरी गंगा पथ, लंबाई –56 कि०मी०) तथा **नारायणी पथ** (दरिहारा (कोन्हुआ) –डुमरिया घाट, गोपालगंज, लंबाई –73.51 कि०मी०) पथ हेतु Transation Advisor (TA) के रूप में परामर्शी सेवाओं हेतु कुल राशि ₹3710.00 लाख (रुपये सैतीस करोड़ दस लाख) रूपये मात्र की अनुमानित लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

आदेशः– विश्वामित्र पथ (बक्सर–आरा–मनेर पथ, लंबाई –90कि०मी०), **गंगा अम्बिका पथ** (बिदुपुर–दिघवारा–उत्तरी गंगा पथ, लंबाई –56 कि०मी०) तथा **नारायणी पथ** (दरिहारा (कोन्हुआ) –डुमरिया घाट, गोपालगंज, लंबाई –73.51 कि०मी०) पथ हेतु Transation Advisor (TA) के रूप में परामर्शी सेवाओं हेतु कुल राशि ₹3710.00 लाख (रुपये सैतीस करोड़ दस लाख) रूपये मात्र की अनुमानित लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. विषयगत कार्य की निविदा प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् सम्पादित किया जाएगा। अन्य विभागों से अधिग्रहित पथों के मामले में पथ का विधिवत हस्तानान्तरण के पश्चात् तथा यदि किसी पथ/पथांश में संबंधित विभाग द्वारा कार्य कराया गया है तो उसके DLPके बाद ही कार्यपालक अभियंता द्वारा कार्य कराना सुनिश्चित किया जाय। पथ यदि OPRMC में संधारित किया जा रहा हो तो कार्य कराने के पूर्व OPRMC से विलोपित करना आवश्यक होगा।

3. विषयांकित योजना के क्रियान्वयन में वित्त विभाग के संकल्प सं०–एम 4–26/2013–3515/वि०, दिनांक 26.03.2025 का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

4. विषयगत कार्य हेतु वित्त पोषण बजट व्यय शीर्ष ''5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय – 03– राज्य राजमार्ग–337–सड़क निर्माण कार्य–0102 वृहद सड़कें मत्तदेय'' विपत्र कोड 41–5054033370102 एवं बजट व्यय शीर्ष ''5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय – 03– राज्य राजमार्ग–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना–0101 वृहद सड़कें मत्तदेय'' विपत्र कोड 41–5054037890101 के अन्तर्गत विकलनीय होगी।

5. विषयगत कार्य का कार्यान्वयन बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना द्वारा कराया जायेगा। अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी (मुख्यालय/लेखा), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना कार्य के निमित्त निकासी पदाधिकारी होंगे, जो राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, नेहरू पथ (बेली रोड) पटना से करेंगे एवं बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना को उपलब्ध करायेंगे। मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना द्वारा निर्दिष्ट उप महाप्रबंधक (तक०) कार्य के निमित्त व्ययन पदाधिकारी होंगे।

6. विषयगत कार्यों को पूरा करने के लिए निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किया जाता है :–

वर्ष	बजट व्यय शीर्ष		वित्तीय लक्ष्य (लाख रू0 में)	भौतिक लक्ष्य
	विपत्र कोड 41- **5054033370102**	विपत्र कोड 41- **5054037890101**		
2026-27	1484.00	371.00	1855.00	लगभग 50% कार्य पूर्ण करना।
2027-28	1484.00	371.00	1855.00	सभी कार्य पूर्ण करना।
कुल	2968.00	742.00	3710.00	

7. मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना एवं मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना विषयगत कार्यों की प्रगति की नियमित रूप से प्रतिमाह समीक्षा करेंगे।
8. इसकी सूचना प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना/ मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना/मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, पटना/ मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, पटना/ मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/संबंधित अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दे दी जाय।
9. प्रस्ताव पर लोक वित्त समिति की अनुशंसा प्राप्त है।
10. वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या 12888, दिनांक 03.12.2024 के आलोक में प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति मद संख्या 18 के रूप में संचिका के पृ0–30/टि0 पर दिनांक–28.10.2026 को प्राप्त है।
11. प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका के पृ0–32/टि0 पर दिनांक–02.11.2026 को प्राप्त है।

ह०/–
(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं०:– प्र०–11/विविध–03–22/2026– पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह०/–
(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं०:– प्र०–11/विविध–03–22/2026– पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि :– वित्त विभाग (आय–व्ययक शाखा), पटना/प्रमंडलीय आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना/ जिला पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह०/–
(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं०:– प्र०–11 / विविध–03–22 / 2026– पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि :– प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, पटना / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, पटना / मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता, दक्षिण / उप महाप्रबंधक, तकनीकी (केन्द्रीय परियोजना क्रियान्वयन ईकाई, पटना) / अवर सचिव (मुख्यालय / लेखा), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

2. मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, पटना विषयगत कार्य के डिजाईन, प्राक्कलन की जाँच के उपरान्त अग्रेत्तर कारवाई करना सुनिश्चित करेगें।

3. मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, पटना इस कार्य की मासिक वित्तीय एवं भौतिक प्रगति प्रतिवेदन नियमित रूप से अभियंता प्रमुख (मु० / कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता, दक्षिण / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को भेजना सुनिश्चित करेंगें।

ह० / –

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं०:– प्र०–11 / विविध–03–22 / 2026– पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि :– प्रतिलिपि :–माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / सचिव, पथ निर्माण विभाग / सरकार के विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार / संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग / आं0वि0स0, पथ निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता (पथ संधारण), पथ निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता (बजट एवं योजना), पथ निर्माण विभाग / कार्यपालक अभियंता, योजना–1 / 2, पथ निर्माण विभाग / सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ / अभियंता प्रमुख(मु०) / (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ / प्रशाखा पदाधिकारी, आय–व्ययक प्रशाखा–9 / प्रशाखा–10 एवं 11, पथ निर्माण विभाग, पटना / मीशु मनीषा कुमारी, पी0एम0यु0 लीड, पथ निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह० / –

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं०:– प्र०–11 / विविध–03–22 / 2026– 8027 (S) पटना, दिनांक : 05.11.26

प्रतिलिपि :–आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

05.11.2026

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।